>

Title: Need to establish an Agriculture college in Abusar, Jhunjhunu district, Rajasthan -laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू) : कृषि विज्ञान केन्द्र आबुसर, झुंझुनू (राजस्थान) पर कृषि महाविद्यालय खोला जाये । मेरा संसदीय क्षेत्र झुंझुनू (राजस्थान) कृषि विज्ञान केन्द्र आबुसर, जो सन 1992 में झुंझुनू जिले में स्वामी केशवनानन्द (राजस्थान) कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधीन स्थापित हुआ, उसके तहत कुल 72 हैक्टेयर भूमि उपलब्ध है । इसमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे बिल्डिंग, कृषि यंत्र, ट्रेक्टर, टयूबवैल, विभिन्न विषयों के वैज्ञानिक, बीज उत्पाद फार्म, बीज प्रसंस्करण संयंत्र, उद्यानिकी व कृषि प्रदर्शनी इकाई सहित अन्य सुविधायें भी उपलब्ध हैं । फलस्वरूप भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने इस केन्द्र को 2005-06 में राष्ट्रीय स्तर के बेस्ट केपी के अवार्ड से भी नवाजा है । अतः कृषि विज्ञान केन्द्र पर कृषि महाविद्यालय खोले जाने हेतु निवेदन प्रस्तुत है ।